## संक्षिप्त

### एक माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। निवाई थाना क्षेत्र में वृताधिकारी मृत्युंज्य मिश्रा व थानाधिकारी हरिराम वर्मा द्वारा गठित पुलिस टीम ने एक वर्ष से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थायी वारन्टी निसार अहमद पुत्र फजल मोहम्मद उम्र 52 साल निवासी लुवावट तहसील पीपलदा जिला कोटा को गिरफ्तार किया है।

### चौधरी को जिला प्रभारी बनाया

**दूदू,** (निसं)। प्रदेश युवक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह पूनिया ने आदेश जारी कर जिले के गांव गणेशपुर निवासी तेजकरण चौधरी को भीलवाड़ा जिले के प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है चौधरी पूर्व में अजमेर जिले के प्रभारी के पर कार्य कर चुके हैं चौधरी की नियुक्ति पर क्षेत्रीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी जाहिर की गई है तथा बताया कि संगठन का मजबूती मिलेगी

### शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ाई

**दूदू,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय दूदू में सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज सत्यापन करवा कर शुल्क जमा करने की तिथि 30 जुलाई कर दी गई है। प्राचार्य संदीपन कुमार आर्य ने बताया कि यह तिथि पूर्व 25 जुलाई थी सभी छात्राएं अपने मूल दस्तावेज ई मित्र पर जाकर सत्यापन करवा तथा शुल्क जमा कर सकते हैं।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**टोंक,** (निसं)। देशवाली युवा एज्युकेशन सोसाइटी टोंक द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आज आयोजित किया जायेगा। जिसक अन्तर्गत 12वीं में प्राप्त 70-75 प्रतिशत अंक, 10वीं में प्राप्त 65-70 प्रतिशत अंक, 8वीं में प्राप्त ए ग्रेड, बी ग्रेड के छात्र/छात्रओं का सम्मान किया जायेगा, यह सम्मान समारोह पुरानी टोंक देशवाली मोहल्ला वार्ड न. 47 टोंक में रखा जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि बरकत अली, प्रोफेसर कॉमर्स अजमेर महाविद्यालय होंगे।

### कार्यकारिणी को भंग किया

**नारायणपुर,** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने पत्र जारी कर जयपुर, सीकर, भरतपुर जिले की कार्यकारणी को भंग किया है। प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि इन तीन जिलों की कार्यकारणी को अनुशासन का पालन नहीं करने के कारण भंग किया है।

# कांवड़ यात्रा परम्परागत मार्गो से निकालने की स्वीकृति मांगी

**मालपुरा,** (निसं)। शिव कांवड़ यात्रा समिति मालपुरा के पदाधिकारियों ने शनिवार को उप जिला कलेक्टर के नाम निजी सचिव को एक प्रार्थना पत्र सौंप बीसलपुर से पवित्र कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ यात्रियो के मालपुरा में प्रवेश के लिये स्वीकृति मांगी।

कांवड़ यात्रा समिति के संयोजक विकास शर्मा, विनोद साहु, कृष्ण विजय, कन्हैयालाल शर्मा व अमन खत्री ने बातया कि 11 अगस्त को

- मालपुरा में कांवड़ियों के प्रवेश मार्ग को लेकर प्रशासन व हिन्दू समाज कर रहा मंथन

बीसलपुर गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर से पवित्र जल की कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ यात्रियों को मालपुरा शहर में प्रवेश व भगवान शिव का जलाभिषेक करने की स्वीकृति मांगी गई है। मालपुरा में समिति के बैनर तले आयोजित आठवीं विशाल कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिये समिति की ओर से गणेश निमंत्रण देने के पश्चात युवा कांवड़ियों का रजिस्ट्रेशन कार्य किया जा रहा है।

बीते दिन जलदाय मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी से समिति पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर वर्ष 2020 से मालपुरा में कांवड़ यात्रियों को दूदू-छाण स्टेट हाईवे से शहर में प्रवेश पर लगी प्रशासनिक रोक को हटवाने तथा इस बार स्टेट हाईवे से ही कांवड़ यात्रियों को मालपुरा शहर में प्रवेश की अनुमति प्रशासन से दिलवाने के साथ-साथ कांवड़ यात्रियों के दल के साथ स्वयं केबिनेट मंत्री को आने व भगवान शिव का जलाभिषेक करने का आमंत्रण भी दिया गया। कावडियों ने बताया कि वर्ष 2018 में कांवड़ यात्रियों पर हुये पथराव के बाद में तत्कालीन प्रशासन ने वर्ष 2020 में मालपुरा शहर में निकलने वाली दोनों ही समुदायों की जुलूस व यात्राओं के परम्परागत मार्गों को बदल प्रशासन ने स्वयं नवीन मार्ग निर्धारित किया था। लेकिन दोनों ही समुदायों ने आज तक प्रशासन के नवीन मार्ग को स्वीकार नहीं किया। परम्परागत मार्गों से स्वीकृति नहीं मिलने के चलते दोनों ही समुदायों के जुलूस व यात्राओं के आयोजन बीते चार साल से बंद पड़े हैं। विधानसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के दौरान मालपुरा पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के कई कदावर नेताओं व डिग्गी पहुंचे तत्कालीन सांसद एवं वर्तमान विधायक बाबा बालक नाथ ने हजारों लोगों की मौजूदगी में दावा किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार के सत्ता में आने पर वर्ष 2024 में दूदू-छाण स्टेट हाईवे से ही कांवड़ यात्रा का मालपुरा में प्रवेश होगा। यहां तक की कांवड़ यात्रा में वो स्वयं भी शामिल होंगे। केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भी हिन्दु समाज के युवाओं से यह वादा किया था। वहीं सम्पूर्ण हिन्दू समाज की ओर से कांवड़ यात्रा के आयोजन को लेकर महेश सेवा सदन में आवश्यक बैठक आयोजित की।



शिव कांवड़ यात्रा समिति ने उप जिला कलेक्टर के नाम निजी सचिव को एक प्रार्थना पत्र सौंपा।

### विद्युत आपूर्ति गड़बड़ाने से ग्रामीण परेशान

**सिरस,** (निसं)। गांव श्योसिंहपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति गड़बड़ाने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल योगी, शिवजीलाल जाट, रामजीलाल जाट, पूर्व उप सरपंच कैलाश प्रजापत व रामेश्वर नाथ सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत वितरण निगम के उच्च अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति में सुधार करवाने के लिए बार-बार अवगत करवाने के बाद भी ध्यान नहीं देने से लोगों में रोष व्याप्त है। श्योसिंहपुरा गांव में देवली भांची सब ग्रिड स्टेशन के नटवाड़ा फीडर से विद्युत आपूर्ति दी जा रही हैं। गांव में 2 दिन से विद्युत आपूर्ति बंद रहने से आमजन को परेशानी है।

शनिवार को दोपहर बाद कुछ समय विद्युत आपूर्ति शुरू होने के बाद फिर बंद होने से समस्या बनी हुई है। इन दिनों मौसमी बीमारी व उमश भरी गर्मी के चलते लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति के बारे में सब ग्रिड स्टेशन पर फोन करने के बाद किसी भी कर्मचारी द्वारा फोन को रिसीव नहीं करने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने निवाई विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन भेजकर विद्युत आपूर्ति में सुधार करवाने की मांग की है। लोगों ने ज्ञापन में बताया की विद्युत आपूर्ति में जल्दी सुधार नहीं होने पर लोगों को आंदोलन पर उतारू होना पड़ेगा।

## सार-समाचार

### ए.आई.सी.सी. सचिव नरवाल का स्वागत



कोटपूतली, (निसं)। राजधानी जयपुर में एनएसयुआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर दिल्ली वापस लौटते वक्त अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल का शनिवार को कोटपूतली पहुंचने पर कृष्णा टॉकिज स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व संसदीय सचिव व कांग्रेस नेता रामस्वरूप कसाना की अगुवाई में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कसाना के नेतृत्व में कांग्रेस समेत एनएसयुआई व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नरवाल का माला, साफा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। नरवाल ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी बेहद मजबूत है। आलाकमान अनुभवी नेताओं के मार्गदर्शन में निरन्तर युवा व छात्र वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। प्रैस से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में अनेकों जनकल्याणकारी योजनायें आई थी, लेकिन राजस्थान में वहीं हुआ जो दस वर्ष पूर्व हरियाणा में हुआ था। मनोहर लाल खट्टर की तरह भजन लाल शर्मा भी पर्ची से बने मुख्यमंत्री है। राजस्थान आज गैर जिम्मेदार हाथों में जा चुका है। जिसका नजारा सबके सामने है। इस दौरान पीसीसी सदस्य विरेन्द्र महला, एनएसयुआई राष्ट्रीय प्रवक्ता विक्रम बुनकर भी मौजूद रहे। वहीं पूतली कट पर नरवाल का पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

### प्रजापति समाज की बैठक आयोजित

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भैसलना में प्रजापति समाज की आवश्यक बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष बजरंग लाल बागरानिया की अध्यक्षता में किया गया। जबकि इसके पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी भैरूराम प्रधान के मुख्य अतिथि में राजा दक्ष प्रजापति की जयन्ती मनाई गई। इस दौरान राजा दक्ष प्रजापति के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित किये गये। इसके बाद राजा दक्ष प्रजापति की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। समाज के नन्दकिशोर खटोड़ ने बताया कि बैठक के दौरान आगामी 12 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रजापति समाज शिव मन्दिर का 60 वां विशाल मेला महोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह की विभिन्न तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में मेले को ठीक ढंग से संपन्न करवाने हेतु पदाधिकारियों की अलग-अलग कमेटीयों का गठन कर उन्हें जिम्मेदारीयां सौपी गई। इसके अलावा वहीं प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों की अंक तालिकाएं समिति के पास निर्धारित समय तक समिति के पास संग्रहण करने की अपील की गई। वही बैठक के दौरान समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला का कार्य जल्द ही पूर्ण करवाने पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शिवाजी कॉलोनी में पौधारोपण किया

**निवाई,** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिटी नंबर 3 निवाई शिवाजी कॉलोनी में पौधारोपण किया गया। प्रधानाध्यापक जियाराम मीणा ने बताया कि शनिवार को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने छायादार अरडु, नीम, कंडेर, गुड़हल, पीपल व गुलमोहर आदि के पौधे लगाए गए। प्रधानाध्यापक ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है, वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है, पेड़ों से ही हरियाली रहती है, पेड़ों से बारिश होती है, तापमान को सामान्य बनाए रखने में सहयोगी होते हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के आसपास, घरों के बाहर और मोहल्ले में भी पेड़ पौधों का वितरण करके लगवाने का आव्हान किया। इस अवसर पर यूथ एण्ड ईको क्लब प्रभारी रामकिशन गुर्जर, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तहसील संयोजक विमलकुमार विजय, शकुंतला वर्मा, मोहन कंवर, पुष्पा तौगरिया, विजयलक्ष्मी शर्मा सभी स्टाफ साथी व एसएमसी प्रतिनिधि सहित कई छात्र छात्राए मौजूद रहे।

### अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई

**दूदू,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय मोजमाबाद पर मीरापुरा रोड स्थित एक निजी सभागार में भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बिरदी चन्द अहलावत, अल्पसंख्यक आयोग के संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष इस्लाम नागोरी ने कलाम साहब की जीवनी पर प्रकाश डालकर उनके पदचिन्हों पर चने की बात कही। इस अवसर पर हमीद नागोरी गणेश सैनी जगपाल सिंह उगम सिंह जांदू शंकर सैनी नरेंद्र डोगरा घासी प्रजापत यासीन देश वाली सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आज

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज और खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज रविवार 28 जुलाई को शहर के रोटरी भवन में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय खंडेलवाल और डॉक्टर अरुण यादव और उनकी टीम हृदय रोगियों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देगी। क्लब के डॉ.माधव सिंह ने बताया की शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

### राजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के गांधी चौक के निकट स्थित ऑल इण्डिया पत्रकार एकता सहायता ट्रस्ट कार्यालय पर शनिवार को प्रात: 10 बजे प्रजापति समाज द्वारा राजा दक्ष प्रजापति जयन्ती मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नन्दकिशोर खटोड़ के द्वारा की गई। इस दौरान उपस्थित समाज बन्धुओं ने राजा दक्ष प्रजापति के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के कानाराम प्रजापति ने बताया कार्यक्रम में समाजोत्थान के विभिन्न बिन्दुओं को लेकर चर्चा की गई। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नन्दकिशोर खटोड़ ने राजा दक्ष की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही कैलाश चन्द, दामोदर प्रजापति, मदन लाल प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, छोटे लाल प्रजापति, चिरंजी लाल प्रजापति ने राजा दक्ष की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम में राजस्थान सरकार से समाज का एक छात्रावास बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने एवं निर्माण करवाने की मांग रखने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए सभी ने सहमति जताई।

# कठोर जनसंख्या नीति की मांग को लेकर अभियान शुरू

**पावटा,** (निसं)। भारत में तेजी से बढ़ती हुई आबादी के कारण राष्ट्र के सामने अनेक चुनौतियां आ रही हैं। देश में शीघ्र कठोर जनसंख्या नीति की मांग को लेकर एक चिट्ठी मोदी के नाम अभियान का शुभारभ जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा के मुख्य आतिथ्य एवं संत हरिओम दास के सानिध्य में परमानंद धाम खोरी में किया गया।

फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश में सभी पर समान जनसंख्या नीति लागू करने की मांग को लेकर राजस्थान प्रदेश से 50 लाख पोस्ट कार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया है। जयपुर ग्रामीण से एक लाख परिवारों द्वारा पोस्ट कार्ड भेजकर देश में शीघ्र जनसंख्या नीति लागू करने की मांग की जाएगी। पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा ने कहा देश में बढती हुई आबादी के कारण गृह युद्ध के हालात बन रहे हैं। इसलिए जल्द कठोर जनसंख्या नीति लागू होनी चाहिए। हमारे संसाधन बहुत सीमित हैं और आबादी 142 करोड हो गई है समय रहते सरकार को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। संत हरिओम दास ने गौमाता की सेवा और सनातन धर्म के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी हिन्दुओं को एकजुट होकर काम करने को कहा। इस दौरान पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा एवं संत हरिओम दास ने गायों को हरा चारा खिलाया एवं गौसेवा की। फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने देश की चुनौतियों के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगों को बताया । इस दौरान वरिष्ठ नेता जगदीश यादव, गणपत लाल शर्मा, भागीरथ शर्मा बाबूजी, दाताराम गुर्जर, जिला संयोजक रमेश कुमावत, सुनील कुमार सेन, हिमांशु मिश्रा, हिमांशु शर्मा, कैलाश अग्रवाल, गोविंद सोनी, रामेश्वर बजाज, विजेश शर्मा, मीना देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी, नवरत्न सोनी, रवि दत्त शर्मा, एडवोकेट राहुल मोदी, श्याम सुंदर शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, अमर सिंह चौहान, विक्रमादित्य शर्मा, ओमप्रकाश मीणा, गजानन सेन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



खोरी में 'एक चिट्ठी मोदी के नाम' अभियान का शुभारभ किया।

# आर.ए.एस. अधिकारियों ने बच्चों को कठोर परिश्रम की प्रेरणा दी

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के पुलिस थाने के पीछे स्थित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये जिले के प्रतिष्ठित केन्द्र अशोका कोचिंग संस्थान में शनिवार को आरएएस सेमीनार का आयोजन हुआ। जिसमें भाग लेते हुये बड़ी संख्या में आरएएस व आरपीएस अधिकारियों ने विधार्थियों को अपने-अपने अनुभवों से अवगत करवाया।

इस दौरान आयोजित कार्यशाला में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विधार्थियों को सफलता प्राप्ति के गुर भी बताये। आरएएस में चयनित एसडीएम ऋषिराज कपिल, एसडीएम राकेश रावत, डीवाईएसपी भूपेन्द्र, बीडीओ अजीत सिंह, आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार जाट, रसद अधिकारी राहुल जाट आदि ने सम्बोधन देते हुये विधार्थियों को तैयारियों को लेकर रणनीति समझाई। उन्होंने कहा कि दिशा सही हो तो जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संघर्ष कर सफलता प्राप्त की जा सकती है। छात्र-छात्राओं को कठोर परिश्रम की प्रेरणा देते हुये उनका मार्गदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि जिले में अशोका कोचिंग संस्थान द्वारा प्रथम बार इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित की गई। जहाँ आरएएस फाउण्डेशन बैचों के लिये आरएएस अधिकारियों का मार्गदर्शन विधार्थियों को मिला। इस दौरान आरएएस समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विधार्थियों ने अपने सुनहरे भविष्य को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### टक्कर से बाइक सवार की मौत

**टोंक,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र की तारण गांव से गुजर रही बड़ी नहर की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 27 वर्षीय युवक सूरज बैरवा निवासी घास पंचायत क्षेत्र के गांव उटीठाना के घायल होने पर राहगीरों द्वारा उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसने देर रात को दौराने उपचार दम तोड़ दिया। पुलिस को इस बारे में सुबह सूचना मिली तो जिला चिकित्सालय पहुंचकर पुलिस ने बाद पोस्टमोर्टम शव परिजनों को सौंप दिया। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# देवपुरा विद्यालय में पौधारोपण किया

**निवाई,** (निसं)। एक पौधा माता-पिता के नाम अभियान के तहत क्षेत्र के राउमावि देवपुरा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार द्वारा पूर्व अध्यापक स्वर्गीय बाबूलाल बारेठ की चतुर्थ पुण्य स्मृति में पौधारोपण किया। इस दौरान संस्था प्रधान के सानिध्य में संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य सुश्री रीमा सांवरिया ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। उन्होंने बताया की इस वर्ष गर्मी से कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। आज देश में पेड़ों को काटकर बड़े-बड़े मॉल व मकान हवेलियां बन गई है। जहां हरियाली होती है वहां बारिश की कोई कमी नहीं रहती। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि राज्य सरकार द्वारा भी एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत आप भी अपने घर आंगन में औषधि युक्त एक पौधा जरूर लगाए। इस दौरान विद्यालय परिसर में 15 औषधि युक्त पौधे लगाए। इस दौरान कैलाश बारेठ, प्रधानाध्यापक रीमा सांवरिया आदि मौजूद रहे।

### 'हाड़ौता से टाकरडा बाइपास जल्द बनेगा'

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। रेनवाल सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 52 को जोड़ने वाले टांकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा उक्त बाइपास निर्माण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि नगरपालिका चौमूं में यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण कार्य स्वीकृत करवाया गया था। उक्त बाइपास के मध्य से जयपुर-सीकर रेलवे लाइन भी गुजरती है और बाइपास स्वीकृति के समय यह रेलवे लाइन मीटर गेज थी। तत्कालीन समय में बाइपास निर्माण के लिए 52 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। जयपुर से सीकर रेलवे लाइन को मीटर गेज से ब्राडगेज में परिवर्तित होने में काफ़ी समय लग जाने से बाइपास के निर्माण कार्य में देरी हुई। लेकिन वर्तमान में रेलवे लाइन ब्रॉड गेज में परिवर्तित हो चुकी है, जिससे टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास के नये प्रस्ताव में अतिरिक्त राशि बढ़कर 72 करोड़ रुपये हो चुकी है। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि वर्तमान में टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण की फ़ाइल वित् विभाग में स्वीकृति के लिए भेजी गई है।

# विधायक पटेल ने आमजन के अभाव-अभियोग सुने

**कोटपूतली,** (निसं)। विधायक हंसराज पटेल ने शनिवार को कस्बा स्थित डाक बंगला परिसर में नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई की। इस दौरान पटेल ने आमजन के बिजली, पानी समेत विभिन्न अभाव अभियोग सुने। साथ ही जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण करते हुये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

विधायक पटेल ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुये बिजली

- जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये

कटौती कम से कम की जायें। उन्होंने पावटा पंचायत समिति में भी जनसुनवाई करते हुये आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, पूर्व पार्षद रघुवीर गोयल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे। विधायक पटेल को शुक्लावास के ग्रामीणों ने सरपंच सचिन यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुये पेयजल किल्लत से अवगत करवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि राज्य सरकार की नल से जल योजना में पीएचईडी विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच यादव ने बताया कि जल जीवन मिशन शुरू होने के दो वर्षो बाद भी ग्रामीण दूर से पानी लाने को मजबुर है। लेकिन पीएचईडी विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सुस्त रफ्तार से चल रही योजना के चलते ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से जुझना पड़ रहा है। विधायक पटेल ने विस्तार से ग्रामीणों की समस्या सुनते हुये जल्द से जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान शिवचरण, महावीर, कुलदीप, रामावतार, राजू व शीशराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई की।

### विधायक धनकड़ आज जन सुनवाई करेंगे

**पावटा,** (निसं)। विधायक कुलदीप धनकड आज रविवार को भांकरी निज आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुन मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इस दौरान विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आए ग्रामीणों द्वारा विधायक कुलदीप धनकड का विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए उच्च शिक्षा व्यवस्था, कौशल विकास और परिवहन व्यवस्था को लेकर पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा किये गए महाविद्यालयों के निर्माण में जल्दबाजी कर बिना स्टाफ व भवन के महाविद्यालयों का शिलान्यास व उद्घाटन करने, उनमें रिक्त पडे पदों व कांग्रेस सरकार द्वारा महाविद्यालयों के स्टाफ को डेपुटेशन पर भेजने के मुख्य मुद्दे व खेल अकादमी स्थापित करने, दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर औद्योगिक क्षेत्र घोषित करने, मोहनपुरा जोधपुरा में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट लगने के बाद सभी गांवों के पुनर्वास के दौरान छूटे गांवों के पुनर्वास सहित विभिन्न मांगों को विधानसभा में उठाने पर स्वागत भी किया जायेगा।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ धरना जारी

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना शनिवार को लगातार 597 वें दिन भी मन्दिर प्रांगण में बदस्तूर जारी रहा। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि ग्राम जोधपुरा (मोहनपुरा) केसघन आबादी, बसावटों व माध्यमिक विद्यालय से 82 मीटर की दूरी पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा पत्थर पीसने का क्रेशर जो अब तक अवैध संचालित पाये जाने पर प्रशासन, पोल्यूशन विभाग एवं माइनिंग विभाग ने बंद करवाया है।

उसको आबादी के नजदीक से हटाया जाये या गांव का पुनर्वास किया जाये की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। आबादी के नजदीक क्रेशर को अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रशासन द्वारा पिछले दो दिनों से फिर से चला दिया गया है। क्रेशर के चलने से निकलने वाले धूल धूएं से गांव में धुंध व कोहरे जैसा वातावरण बन गया, जिससे ग्रामीणों को श्वांस लेने में भी तकलीफ महसूस होने लगी है। ग्रामीण क्रेशर को बंद करवाने के लिए नारेबाजी करने लगे, इसकी सूचना कोटपूतली प्रशासन को भी दी गई लेकिन प्रशासन मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीण रात्रि 12 बजे तक नारेबाजी करते रहे, जिसके बाद अल्ट्राटेक सीमेंट प्रशासन ने क्रेशर को बंद किया, तब जाकर ग्रामीणों को राहत की सांस मिली।

- मंगलवार से जिला कलेक्टर कार्यालय पर महापड़ाव डालने का लिया निर्णय

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त क्रेशर की समस्या को विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा विधानसभा में भी उठाया गया है, फिर भी अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि इसको दिन-रात चला रहे है। ज

ाब तक क्रेशर को बंद नहीं किया जायेगा या ग्रामीणों का पुनर्वास नहीं किया जायेगा संघर्ष जारी रहेगा। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर मंगलवार से जिला कलेक्टर कार्यालय पर महापड़ाव डालने का निर्णय लिया। धरना स्थल पर समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, हरभगत कम्पाउन्डर, प्रभुदयाल वर्मा, रामावतार यादव, पवन धानका, मदन योगी, लीलाराम यादव, सूबेसिंह मीणा, विजय यादव, कानाराम यादव, जयराम यादव, भूपसिंह धानका, रोहिताश योगी, रामनिवास अध्यापक, विजय यादव, मोहर सिंह योगी समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।